Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 05-12-2006

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

an>

Title: Need to purify fluoride contaminated water caused by oil exploration activities at Mehsana, Gujarat.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : उपाध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा में जो पेयजल उपलब्ध है, उसमें फलाराइड के तत्व बढ़ रहे हैं और पहले फलोराइड तत्व वाले कुओं की संख्या कम थी परन्तु अब धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ रही है। ओ.एन.जी.सी. जब तेल के कुओं में ब्लास्ट करती है तो ब्लास्ट से पत्थर के कण पानी में मिल जाते हैं जिसके कारण उस पानी को पीने से लोगों की हड्डियां खराब हो रही हैं और लोग विकलांग हो रहे हैं। इस संबंध में ओ.एन.जी.सी. भी कोई मदद नहीं करती है जबकि मेहसाणा के पानी को फलोराइड तत्व वाला पानी ओ.एन.जी.सी. के कारण बना है और न ही ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कोई योजना तैयार की है और लागू की है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि ओ.एन.जी.सी. एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय मेहसाणा के फलोराइड वाले पानी को समाप्त करने हेतु कार्यवाही करें।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Dr. Tushar A. Chaudhary – Not present.

Shri Sajjan Kumar – Not present[MSOffice14].

डॉ. राजेश मिश्रा : महोदय, मैंने संस्कृत में बोलने के लिए लिख कर दिया है।

उपाध्यक्ष महोदय :ठीक है, आप संस्कृत में बोल सकते हैं।